**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 04 अप्रैल, 2024 :-**

(1) माननीय राज्यपाल ने “Developed India @ 2047: Charting Multidisciplinary and Multi-Institutional Pathways for Inclusive Growth and Global Leadership” विषय पर आयोजित “International Conference 2025” उद्घाटन किया।

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज गोस्सनर कॉलेज, रांची में “Developed India @ 2047: Charting Multidisciplinary and Multi-Institutional Pathways for Inclusive Growth and Global Leadership” विषय पर आयोजित “International Conference 2025” का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक समृद्धि, सामाजिक समरसता और वैज्ञानिक नवाचार का समन्वित प्रतिबिंब है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा जनसंख्या है और हमें उन्हें नवाचार, स्टार्टअप, शोध और उद्यमशीलता की ओर प्रेरित करना होगा।

माननीय राज्यपाल ने ‘विकसित भारत @2047’, ‘आत्मनिर्भर भारत’, ‘मेक इन इंडिया’, ‘डिजिटल इंडिया’ और ‘वोकल फॉर लोकल’ जैसे अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये पहलें भारत को न केवल आत्मनिर्भर बना रही हैं, बल्कि

उसे वैश्विक नेतृत्व की दिशा में भी अग्रसर कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बन चुका है, जहाँ के नवाचार वैश्विक परिवर्तन का माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने शिक्षण संस्थानों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों को केवल नौकरी खोजने वाला (Job Seeker) नहीं, बल्कि रोजगार सृजन करने वाला (Job Creator) बनाने हेतु शिक्षा प्रदान करें।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि शोध कार्यों में मौलिकता आवश्यक है। केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं, बल्कि समाजोपयोगी समाधान और नवाचारों पर आधारित शोध ही विकसित भारत की राह को प्रशस्त करेगा। उन्होंने स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, खादी और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि भारत वैश्विक उत्पादन केंद्र (Global Manufacturing Hub) बन सकता है, यदि वह पारंपरिक ज्ञान और आधुनिकता का समन्वय स्थापित कर सके। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह सम्मेलन केवल अकादमिक विमर्श तक सीमित न रहकर ठोस नीतिगत सुझावों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएगा।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज भवन में लेफ्टिनेंट जनरल पी. एस. शेखावत, PVSM, AVSM, SM, जीओसी, मध्य भारत एरिया ने सौजन्य भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

---

(3) माननीय राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार से आज कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा की कुलपति प्रो. अंजिला गुप्ता तथा बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राम कुमार सिंह ने राज भवन में भेंट की तथा विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया। राज्यपाल महोदय ने कुलपतिगण को निदेशित किया कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा सुनिश्चित की जाए और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने शैक्षणिक कैलेंडर के अनुपालन एवं सत्र को नियमितीकरण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय टीम भावना के साथ कार्य करे तथा शोध के स्तर में सतत सुधार लाए। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय ऐसा कार्य करे जिससे उसकी सभी क्षेत्रों में सकारात्मक छवि स्थापित हो।

---

(4) प्रख्यात अभिनेता और फिल्म निर्माता मनोज कुमार जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। 'भारत कुमार' के रूप में उन्होंने अपनी फिल्मों के माध्यम से जन-जन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत किया। उनकी सांस्कृतिक और भावनात्मक विरासत सदैव स्मरणीय और प्रेरणास्पद बनी रहेगी। ॐ शांति।

**(5) माननीय राज्यपाल ने 'विकसित भारत युवा संसद' के प्रतिभागियों को किया सम्मानित**

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय 'विकसित भारत युवा संसद' में झारखंड के प्रतिभागियों की उत्कृष्ट भागीदारी के लिए उन्हें राज भवन में सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने रिया गुप्ता, श्वेता कुमारी और आयशा फातिमा सहित झारखंड के यूथ आइकन गौरव अग्रवाल को सम्मानित किया।

राज्यपाल महोदय ने इस अवसर पर कहा कि युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा को निखारने के अवसर मिलने चाहिए, जिससे उनका समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन मदन कुलकर्णी ने भी युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

इस सम्मान समारोह में नेहरू युवा केंद्र संगठन, झारखंड की राज्य निदेशक ललिता कुमारी, विकास आहूजा और चार्ल्स बोदरा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।